तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 30 अप्रैल 2025



14 खाद्य वितरण प्रणाली व सहकारी संस्थाओं को बेहतर ...





12 धर्मांतरण रोकने के लिए सभी समाज का समवेत ...






## खबर संक्षेप

### व्यवहार न्यायालय भवन के लिए भूमिपूजन कल

**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण का वर्चुअली कार्यक्रम 01 मई को सुबह 10 बजे आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की वर्चुअली उपस्थिति में 01 मई को सुबह 10 बजे नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

### मौत के तीन प्रकरणों पर वारिसों के लिए चार-चार लाख स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 06 क्रमांक 04 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 03 मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04–04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मृतक सुकलू राम के पुत्र उत्तम कुमार ग्राम बैहाकुंआ तहसील डौण्डीलोहारा, मृतक राजकुमार गोरे के पिता अर्जुन सिंह ग्राम भालूकोन्हा तहसील डौण्डीलोहारा एवं मृतक सुरेन्द्र साहू के पुत्र शुभम एवं टिकेश्वर ग्राम आनंदपुर तहसील गुरूर को 04–04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### मोहल्लेवासियों के जाग जाने से चोर भाग गए, घर और आलमारी के ताले तोड़ दिए थे

# दो कांस्टेबलों के घर पर चोरी, एक जगह से छह लाख का माल साफ, दूसरी से चोर खाली भागे





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले मे चोरो ने दो पुलिस कांस्टेबलो के घरो को निशाना बनाया जिसमे से एक मे चोर चोरी करने मे सफल हुए तथा दूसरे घर मे पड़ोसियो की सजगता से चोर चोरी करने मे कामयाब नही हो पाए। जिसके तहत एक मकान का ताला तोड़कर चोर 5 लाख 84 हजार रूपये के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। वही दूसरे कॉस्टेबल के घर चोरी की कोशिश मोहल्ले वालो की जागरूकता से नाकाम हो गई। दोनो मामलो मे बालोद थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना रक्षित केन्द्र बालोद मे पदस्थ आरक्षक चालक चन्द्रभान सिंह के मकान की है, 26 अप्रैल को चन्द्रभान अपने परिवार के साथ रायपुर सगाई कार्यक्रम मे शामिल होने गए थे, जब वे लौटे तो देखा कि घर के चैनल गेट और मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। जांच मे सामने आया कि चोर घर से सोने चांदी के आभूशण और नकदी समेत करीब 5 लाख 84 हजार रूपये का सामान चोरी कर ले गए, चोरी हुए सामानो मे सोने की बालियां, अंगूठिया, झुमका, चेन, मंगलसूत्र, लॉकेट, कंगन, रानीहार और चांदी की पायल व बिछिया शामिल है। वही आरक्षक पवन ठाकुर ने 28 अप्रैल को सुबह बालोद थाना मे रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस मामले मे भी पुलिस ने बीएनएस की धारा 305, 331 (4) और 62 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

मामले मे एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने कहा कि दोनो घटनाओ की जांच की जा रही है, जल्द ही चोरो को गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने कुछ संदेहियो से पूछताछ भी शुरू कर दी है और लगातार जांच जारी है।

**खास बातें**

- पुलिस आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला शुरू कर दी है, आरोपी शीघ्र पकड़े जाएंगे



### ताले तोड़े और फरार हो गए

दूसरी घटना आदित्य नगर झलमला की है, यहां थाना डौण्डी मे पदस्थ आरक्षक पवन ठाकुर अपने परिवार सहित 24 अप्रैल को डौण्डी गए थे, 27 अप्रैल की रात करीब 2:45 बजे मोहल्लावासी पुरूशोत्तम कोचेन्द्र ने चोरी की संदिग्ध हरकत देख ली और तुरंत अन्य लोगो को सूचित किया। मोहल्ले वालो की सक्रियता से चोर भाग निकला। हांलाकि दरवाजे और आलमरी के ताले टूटे मिले। सौभाग्य से इस मकान मे कोई सामान चोरी नही हो सका। घटना की रिपोर्ट पर बालोद थाना मे अज्ञात चोरो के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 और 331 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है, पुलिस आस पास के इलाको के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिये है ताकि आरोपियो का सुराग मिल सके।


## शोक संदेश



### स्व. श्रीमती पूर्णिमा चन्द्राकर

मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु आयोजित मृतक कर्मकाण्ड में आपकी सपरिवार उपस्थिति प्रार्थनीय है।

" माँ, आपकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी,
और आपका प्यार हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा । "

**कार्यक्रम**

त्रिगात्र : दिनांक 23.04.2025, दिन बुधवार
दशगात्र : वैशाख सुदी 3, दिनांक : 30.04.2025, दिन बुधवार
शांति भोज - स्थान : 36 फोर्ट, बालोद रोड, कोलिहापुरी, दुर्ग समय : दोप. 12 बजे से
नोट:- दशगात्र पिण्ड - शिवनाथ नदी दुर्ग (महमरा घाट) में दोपहर 01:00 बजे तक सम्पन्न होगा।

**शोकाकुल परिवार:**
गुहा, गोविन्द, बल्ला, होरीलाल, नन्द, मनोज, सुरेन्द्र, पप्पू, गोप, रेवेन्द्र, गोलू, सोलू, शुभम, दोनर, सेमरा, छाती एवं समस्त लड़ेर चन्द्राकर परिवार।

**विनीत: अशोक चन्द्राकर (पुत्र)**
**ललित चन्द्राकर (पुत्र)**
(विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष
(कैबिनेट मंत्री दर्जा)
छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अपिव क्षे.वि.प्रा. छ.ग. शासन)
**जय, नमन, नयन चन्द्राकर (प्रपौत्र)**

निवास: गजानंद मंदिर के पास, आमापारा, दुर्ग
7879563887, 9827482953, 7000147174, 9827489009, 8770529476, 9479203828

नोट - जिस किसी सज्जन को शोक पत्र ना मिला हो वह इसे ही शोक पत्र समझे






**खबर संक्षेप**

## चिटफंड कंपनी के नाम पर 50 लाख की ठगी

**भिलाई।** चिटफंड कंपनी में लाभ का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 409, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि प्लाट 583/27 सडक 10 आशीष नगर पूर्व रिसाली निवासी योगेश कुमार साहू को उड़िसा निवासी संतोष आचार्य और प्रकाश चन्द्र पाढी ने एमसीएक्स कंपनी के नाम पर प्रतिमाह 3 से 07 प्रतिशत लाभा देने का झांसा देकर राशि इन्वेस्ट कराकर फर्जी बॉंड पेपर तैयार किया। उसके बाद पीड़ित से अपने खाते में छलपूर्वक 49 लाख 50 हजार रुपए जमा कराया। वर्ष 2014 में रायगढ जिंदल ग्रुप में पीड़ित काम करता था। तभी प्रकाश चन्द्र पाढी से परिचय हुआ था। तब वह एमसीएक्स कंपनी में पहले से जुडा था। पीड़ित को भी आरोपी ने कंपनी में जुडने के लिए बोला। योगेश जून 2022 में अपने पारिवारिक कारणों से जिंदल ग्रुप का काम छोड दुर्ग आ गया। रिसाली में एकाउटिंग एवं टेक्ससेन की दुकान खोला। तभी प्रकाश चन्द्र पाढी ने संपर्क कर प्रतिमाह लाभा दिलाने का झांसा देकर रुपए लगाने को कहा था। वर्ष 2022 दिसंबर माह में रायगढ के सेमिनार एटेंड कर संतोष कुमार आचार्य ने कंपनी के बारे में बताया। उसके बाद कंपनी का एमआईएस स्कीम में केवल इन्वेस्टनर रहने का झांसा दिया। जितनी राशि इन्वेस्ट होगा उसका लाभांस पीड़ित को दिया जाएगा। झांसे में आकर पीड़ित ने अलग-अलग समय पर कुल 49 लाख 50 हजार रुपए कंपनी में निवेश कर दिया। आज तक लाभांस नहीं मिल पाया। परेशान होकर पीड़ित ने शिकायत पुलिस में किया।

## बीएसपी श्रमिक घायल सीटू ने की जांच की मांग

**भिलाई।** सीटू यूनियन ने बीएसपी के ईडी को पत्र भेजकर बीएसपी में ठेका मजदूर के घायल होने के मामले की जांच की मांग की है। शुक्रवार को आरएपी दो में मजदूर द्वारिका के हाथ में चोट आई थी। यूनियन की टीम ने जांच में पाया कि घायल मजदूर द्वारिका को मेन मेडिकल पोस्ट ले जाने के बजाय विभाग के एक अधिकारी ने बर्फ से सिंकाई कर लेना कहते हुए घर छोड़ दिया। दर्द सहन नहीं होने पर कर्मी शनिवार को सेक्टर 9 कैजुअल्टी जाकर दिखाएं तथा तीन दिन बाद सोमवार को दोबारा आर्थो ओपीडी में दिखाने गए तो एक्स रे से पता चला कि दाहिने हाथ में फैक्चर हुआ है। आपरेशन करके प्लेट/राड लगाना पड़ेगा।

## व्यापारी पर चाकू से हमला, आरोपी हैं फरार

**भिलाई।** व्यापारी पर चाकू से हमला करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने 109 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सडक नं 8 शांति नगर वैशाली नगर निवासी राकेश कुमार होयानी सुपेला हार्डवेयर लाईन में जय जलाराम के नाम से दरवाजा खिडकी की दुकान संचालन करता है। 26 अप्रैल की रात अपनी दुकान बंद कर रात दुकान के पीछे रहने वाले सोनू शर्मा पूर्व में घरेलू सामान लेकर चला गया था। जिससे अपना घरेलू सामान मांगने गया था। सोनू ने पीड़ित के साथ गाली गलौज कर कमर मे रखे धारदार चाकू से पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में सिर,गर्दन,नाक,आंख,चेहरे व हाथों पर गंभीर चोटें आई है। घटना को अंजाम देने के बाद सोनू शर्मा फरार हो गया।

## राहगीर को लूटने वाले 5 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** लूट के वारदात को अंजाम देने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309(6) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषके झा ने बताया कि रिसाली निवासी महेन्द्र कुमार साहू ने लिखित शिकायत किया था। महेन्द्र अपनी बाइक पर दोस्त के साथ रिसाली उमरपोटी मार्ग से प्लाईवुड खरीदने उतई आ रहे थे। इस दौरान 27 अप्रैल की दोपहर उमरपोटी बोगदा अण्डरब्रिज के पास पहुंचे थे। तभी तीन अज्ञात युवकों ने पीड़िता का रास्ता रोककर एक युवक ने थप्पड़ जड़ दिया। पीड़ित के दोस्तों ने आरोपी युवक को समझाने का प्रयास किया।

### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया

# धर्मांतरण रोकने के लिए सभी समाज का समवेत प्रयास आवश्यक है : सांसद नाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के समीप स्थित छोटा सा गांव है भेंड़ी, जहां तेली जाति के मात्र पचपन परिवार निवास करते हैं। विगत 24 अप्रैल को गांव में मात्र 6 दिनों की तैयारी में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें ग्राम के अन्य समाज के लोगों द्वारा भी सहयोग किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पांच बजे योग शिविर से किया गया जिसमें योगाचार्य पीलू राम साहू और तीरथ कुमार अटल के मार्गदर्शन में योग का अभ्यास कराया गया तत्पश्चात सुबह 9 बजे से बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।

■ 85 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया और 52 ने किया रक्तदान

सामाजिक ध्वजारोहण,ध्वजगीत मां कर्मा की पूजा आरती के पश्चात पहलगाम में निर्दोष हिन्दुओं की नरसंहार में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक पदाधिकारियों, प्रतिभा सम्मान, जनप्रतिनिधि सम्मान किया गया। दोपहर बारह बजे से अतिथियों का उद्बोधन शुरू हुआ। रात्रि में पूरे गांव के लिए भंडारा का आयोजन किया गया तथा रिखी क्षत्रिय कृत लोक सांस्कृतिक संस्था लोक रागिनी का रंगारंग कार्यक्रम रखा गया था जिसमें निज सहायक सांसद मोरध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप में एवं युगल किशोर साहू जी बड़गांव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इन सबके साथ साथ खेमंत साहू एवं मेघनाथ साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें 85 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया और 52 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्री भोजराज नाग जी थे। इस अवसर पर श्री नाग ने धर्मांतरण रोकने के लिए सभी समाज को एकजुट होकर कार्य करने की अपील की।

अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष श्री टहल साहू ने की। अतिविशिष्ट अतिथि में डौंडीलोहारा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया जी, विशिष्ट अतिथियों में श्री पवन साहू जी, सलाहकार प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़, श्री चेमन देशमुख जी अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद, श्री देवलाल ठाकुर जी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छत्तीसगढ़, श्रीमती तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, श्री तोमन साहू जी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद,डा. देवेन्द्र माहला केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हल्बा समाज छत्तीसगढ़, श्री हलधर साहू जी महामंत्री प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़,श्री यज्ञदेव पटेल जिला अध्यक्ष मरार समाज बालोद, श्रीमती चुन्नी मानकर जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती पूजा वैभव साहू जिला पंचायत सदस्य, श्री लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा,श्रीमती रुखमणी राणा सरपंच ग्राम पंचायत भेंड़ी, श्री सोमन साहू जी अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद उपस्थित थे।

सांसद ने सर्वप्रथम ग्राम के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री रामदयाल ठाकुर को याद करते हुए अपने उद्बोधन की शुरुआत किये। सांसद ने कहा कि साहू समाज मां कर्मा के आदर्शों पर चलकर आज एक समृद्ध समाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण आज सभी समाज के लिए नासूर बनते जा रहा है इसके लिए सभी हिंदू समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा ,सांसद ने ग्रामीण साहू समाज की मांग पर 12 लाख रुपए की लागत से मंगल भवन निर्माण की घोषणा करते हुए भविष्य में भी गांव के विकास में सहयोग करने का आश्वासन दिये तथा लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक वोट शेयर मिलने पर ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार विधायक अनिला भेड़िया जी ने भी मां कर्मा के जीवन को प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आवाहन किया तथा ग्राम पंचायत भेंड़ी के सरपंच की मांग पर डोम शेड निर्माण की घोषणा किए।कार्यक्रम को प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू जी ने संबोधित करते हुए सामाजिक चुनाव और रीति रिवाजों पर प्रकाश डाले जिला अध्यक्ष सोमन साहू, उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, यज्ञदेव पटेल, पूजा साहू रुखमणी राणा तथा सामाजिक पदाधिकारियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने सभी अतिथियों , सामाजिक पदाधिकारियों और ग्रामीण साहू समाज भेंड़ी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने बहुत कम समय में बेहतर आयोजन किया।

## पर्यटन मंडल अध्यक्ष शर्मा का नगर में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

नीलू शर्मा के छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम कुसुमकसा आगमन पर व साथ आए भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू का स्थानीय बस स्टैंड चौक में भाजपा मंडल कुसुमकसा द्वारा आतिशबाजी व पुष्पहार के साथ भव्य स्वागत किया गया ,इस दरम्यान योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल अध्यक्ष नीलू शर्मा को ग्राम देवपांडूम व रजही को पर्यटन स्थल बनाए जाने का मांग पत्र सौंपकर बताया की आदिवासी छेत्र के वनों के मध्य बसे ग्राम देवपांडुम में प्राकृतिक झरना को देखने दूर दूर से पर्यटक आते है , वही प्राचीन समय से उक्त ग्राम के वनों में देवस्थान भी है ,पर्यटकों को वहा पर समुचित सुविधा ना मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है,प्राकृतिक धरोहर को बचाने के लिए शासन द्वारा पर्यटक छेत्र घोषित करने से पर्यटकों का आवागमन बढ़ जाएगा और वनों के मध्य बसे ग्राम देवपांडुम सहित आसपास के ग्रामों का विकास भी होगा साथ ही ग्राम रजही जलाशय के आसपास को पर्यटन स्थल बनाए जाने पर भी वहा पर भी मनमोहक दृश्य को देखने पर्यटकों का आना जाना लगा रहेगा

इस अवसर पर नगर पंचायत चिखलाकसा अध्यक्ष श्री मति कुंती देवागन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, ग्राम पंचायत कुसुमकसा सरपंच वेद बाई पिस्दा,डा भूपेंद्र मिश्रा, रोहित धनकर अब्दुल इब्राहिम, विजय डडसेना , ताराचंद पथोड़े ,पूर्व सरपंच शिवराम सिंन्द्रमे पंचगण पंकज जेठवानी, संतोष जैन भाजपा नेता मोती लाल कुचेरिया,हितेश गुप्ता महामंत्री टिकेंद्र साहू ,गोपाल साहू हितेश डोगरे सहित भाजपा के कार्यकता उपस्थित थे।

## खप्परवाडा में चंद्रनाहु कुर्मी समाज का हुआ अधिवेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज उपक्षेत्र अंडा का वार्षिक अधिवेशन ग्राम खप्परवाडा में संपन्न हुआ जिसमें क्षेत्र के नवनिर्वाचित पंच,सरपंच,जनपद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकार ,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कांति सोनेस्वरी ,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारिणी पुष्पेन्द्र चंद्राकार , अंडा उपक्षेत्र के अध्यक्ष दीनानाथ चंद्राकर, दुर्ग राज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर , पद्माकर चंद्राकर समाज के प्रेरणास्त्रोत पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्विनी चंद्राकर एवं महिला समाज के केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती योगिता चंद्राकर ,ग्राम पंचायत खप्परवाडा के सरपंच श्रीमती सुधा दिनेश चंद्राकार एवं ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच श्रीमती सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकार उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि समाज के सभी व्यक्तियों को समाज में रहा कर एकजुटता हो कर काम करना चाहिए। तभी समाज आगे बढ़ता है। अब हर समाज में नारी शक्ति लोगों की संख्या बहुत ज्यादा रहते हैं। चाहे शिक्षा विभाग, राजनीतिक ये सब में महिला आगे ही रहते हैं।

## फरदफोड़ में भगवान बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना की

**डौंडीलोहारा।** डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर जिला बालोद एवं परिक्षेत्र देवरी बंगला के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम फरदफोड़ के नवनिर्मित बुद्ध विहार में तथागत बुद्ध की प्रतिमा की स्थापना की गई तथा हर्षोल्लास पूर्वक डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कुंवर सिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही विधानसभा के करकमलों से प्रदीप कुमार मेश्राम व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा को उनके द्वारा दिए गए साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर साहित्यिक पुरस्कार प्रदान किया गया।



## घायलों को उपचार के लिए सहायता देने का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

निको माइनिंग कंपनी के एंबुलेंस की ठोकर से घायलों को उचित उपचार के लिए आर्थिक सहयोग व मोटर साईकिल में हुई नुकसानी की भरपाई के लिए योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने घायलों के परिजनों के साथ निको माइनिंग गिधाली कार्यालय में अधिकारियों से मिलकर चर्चा की, निको माइनिंग कंपनी के अधिकारियों ने घायलों के उपचार हेतु हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया साथ ही 1 मई को कंपनी के उच्चाधिकारी के साथ ग्राम पंचायत चिपरा के सरपंच तथा घायलों के परिजनों के साथ बैठक कर निराकरण करने की जानकारी दी ,योगेंद्र सिन्हा ने कंपनी प्रबंधन से घायलों को आर्थिक सहयोग के साथ एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की है। गोरतलब है की राष्ट्रीय राजमार्ग 930में कुसुम कसा मुख्य मार्ग मे 14 अप्रैल को निको माइनिंग के एंबुलेंस गाड़ी से मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से मोटरसाइकिल सवार चिपरा निवासी देवेंद्र रावटे ( 28 वर्ष ),तुषार राणा (18वर्ष) साल गंभीर रूप से घायल हो गए थे ,घायलों को उचित उपचारार्थ राजनांदगॉव के मेडिकल कालेज मे भर्ती किया गया है ,उक्त दुर्घटना में तुषार का पैर टूट गया हैं और देवेंद्र रावटे को गंभीर चोट आई थी जहा उनका उपचार चल रहा है ,घायलों के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी ना होने से उपचार में हो रही आर्थिक परेशानी की जानकारी मंडल अध्यक्ष को होने पर निको कंपनी के अधिकारियों से घायलों को आर्थिक सहयोग दिलाने की चर्चा की थी।

## कई वार्डों में नलकूप खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

डौंडीलोहारा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सामने आ रही जल संकट की समस्या का समाधान नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम और उनकी टीम कर रही है। लगातार उनके द्वारा विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर लोगों की समस्याएं जानी जा रही है। इस दौरान मूल रूप से पानी की समस्या विकराल बनी हुई है।

जिसे गंभीरता पूर्वक निराकरण करते हुए बोर खनन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 3,4, 6, 8, 9 और 12 में बोर खनन कर नगर वासियों को शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा प्रयास किया जा रहा है । नगर पंचायत अध्यक्ष ने नागरिकों से कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता वर्तमान में भयावह



जल संकट से निपटना है और उसके समाधान कर लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने वार्ड की अन्य समस्याओं को लेकर भी यथा संभव शीघ्र निराकरण करने की बात कही। जल संकट को लेकर सक्रियता से समस्या दूर करने में जुटे नगर पंचायत अध्यक्ष श्री टेकाम के इस पहल पर वार्डवासियों ने सराहना की है।

## शिक्षक राष्ट्रीय मिशन को सफल बनाने के लिए बेहतर प्रयास करें

**डौंडी।** पूरे प्रदेश मे निपुण भारत मिशन और नवाजतन का संचालन सफलतापूर्वक राज्य के समस्त प्राथमिक शालाओं मे मे किया जा रहा है । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के सभी बच्चों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान मे 2026-27 तक दक्ष करने का लक्ष्य है । इसी कड़ी मे बहुत सारे शिक्षक राष्ट्रीय मिशन को सफल बनाने हेतु बेहतर प्रयास कर रहे है । उत्कृष्ठ प्रदर्शन और प्रयास करने वाले शिक्षकों और शालाओं को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की ओर से अंजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर में राज्य स्तर पर अतिरिक्त संचालक महोदय लोक शिक्षण संचनालय रायपुर डॉ योगेश शिवहरे और उप संचालक लोक शिक्षण संचनालय आशुतोष चॉंवरे जी के द्वारा सम्मानित किया गया । जिसमे बालोद जिला के डौंडी विकासखंड को और



नवाजतन योजना में बेहतर कार्य और प्रदर्शन के लिए सच्चिदानंद शर्मा खंडस्रोत समन्वयक डौंडी को सम्मानित किया गया। FLN और नवाजतन योजना के माध्यम से मूलभूत साक्षरता और सख्या ज्ञान मे 100% परिणाम देने वाले राज्य के 100 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया । जिसमे बालोद जिला से प्रमुख रूप से प्राथमिक शाला औराटोला , विकासखंड डौंडी की शिक्षिका ममता झा और प्राथमिक शाला जगतरा बालोद, पदमनी साहू को बेहतर कार्य करने के लिए प्रमाणपत्र, मोमेंटों और पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया । इस कार्य मे विशेष सहयोग के लिए लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन के सदस्य विजय साहू, उत्तम साहू और माया पवार को भी राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया । इस सफलता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रभात प्रभात मरकले, अनुराग त्रिवेदी, खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंग भारद्वाज, खंड स्त्रोत समन्वयक बालोद गजेन्द्र, जिला प्रभारी शोभा बेंजामीन, लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन के जिला प्रबंधक कृष्णा कुमार, ढालेन्द्र सिन्हा, प्रधान पाठक सीएल दिल्लीवार एवं समस्त संकुल समन्वयकों ने बधाई प्रेषित किया ।

### इस अवसर पर आयोजित शिविर में 350 का स्वास्थ्य परीक्षा हुआ, 19 ने किया रक्त दान

# कर्मा महोत्सव और भामाशाह जयंती पर 84 गांवों की महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

मंगलवार को तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा भक्त माता कर्मा महोत्सव एवं दानवीर भामाशाह जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जहां बड़ी सख्या मे समाजिक लोग शामिल हुए कार्यक्रम मे साहू समाज द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था जिसमें 350 लोगों ने स्वास्थ परीक्षण का लाभ लिया और 19 लोगों ने रक्तदान किया।

**कलशयात्रा में शामिल हुई सैकड़ों महिलाएं:** तहसील साहू समाज गुण्डरदेही के अन्तर्गत आने वाले 84 गांवों की महिलाओं द्वारा भव्य रूप से कलशयात्र निकाली गई जो धमतरी चौक से बस स्टैंड होते हुए नगर भ्रमण किया जिसमें सैकड़ों ममहिलाए शामिल हुए।



मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि हम दानवीर भामाशाह के वंशज हैं जिन्होंने मुगल साम्राज्य को हराने के लिए महाराणा प्रताप को अपनी पूरी संपत्ति दान कर मातृभूमि की रक्षा में अहम भूमिका निभाई थी, हमें गर्व हैं ऐसे दानवीर पर जिन्होंने मातृभूमि को आगे रखकर काम किया और अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, इनके जयंती में आने से अपने आप को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं और विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले समय में वीर भामाशाह की जयंती हर जिला, तहसील और गांव में मनाया जाएगा। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्वा ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका ग्रामीणों का होता है जो उच्च सदनों को हर प्रकार का सहयोग करते हैं इनके आर्थिक और जन सहयोग से ही हम समाज जागरूकता लाने के लिए या अपने इष्ट देवी देवताओं को मानने के लिए बड़े बड़े आयोजन कर पाते हैं, उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग किए सभी समाजिक व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।



### सभी क्षेत्र के सामाजिक व्यक्तियों का किया सम्मान

साहू समाज द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का सम्मान प्रतीक चिन्ह और श्रीफल प्रदान कर किया गया इसके साथ साथ साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्षगण, तहसील पदाधिकारी, समाज सेवकों का व ,रक्तदान शिविर में रक्त दान किए रक्तवीरों का,स्वास्थ्य शिविर में आए डॉक्टरों का और शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए बच्चों का भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष तोमन साहू, अध्यक्षता जिला साहू संघ बालोद के अध्यक्ष सोमन साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, लक्ष्मी साहू, जिला साहू संघ बालोद के पदाधिकारी धीराज सिंह साहू, लेखराम साहू, तहसील साहू संघ दिल्लीराजहरा के अध्यक्ष युवराज साहू, तहसील साहू संघ अर्जुन्दा के अध्यक्ष उमाशंकर साहू, डौंडी के अध्यक्ष सोमेश साहू, गुण्डरदेही के पूर्व तहसील अध्यक्षगण पुराणिक लाल, देवलाल साहू, केशव साहू, रामस्वरूप साहू, सभी परिक्षेत्र के अध्यक्षगण भीखाराम, हरदेव लाल, जेआर साहू, कुलेश्वर साहू, मोतीलाल, कल्याण साहू, सुरेश साहू सहित तहसील के पदाधिकारी और समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी सख्या मे मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के कारण प्राणघातक हमला

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि लक्ष्मण कुमार टंडन उमरपोटी भाठा के पास प्याउ घर में पानी पी रहा था। तभी निखिल बंजारे पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देकर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हो गया था। घटना में लक्ष्मण को के दाहिने भूजा, सिर व गर्दन में काफी चटो आई थी। घटना को देख धनेश्वर जांगड़े और ओंकार टंडन बीच बचाव करने पहुंचे थे। आरोपी ने दोनों युवकों पर भी वार कर दिया था। एसडीओपी पाटन अनुप कुमार लकड़ा ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लोहा पार करने वाला सालभर बाद पकड़ाया

**भिलाई।** चोरी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(2), 317(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई के गोदाम से नेहरु नगर निवासी देव बंसल ट्रेडर्स का गोदाम संचालित करता है। जहां वर्ष 2024 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तिरंगा चौक छावनी निवासी सुरेश सिंह ने 21 हजरा रुपए के कीमत का लोहे का प्लेट चोरी कर फरार था। पुलिस में शिकायत होने के बाद आरोपी की तलाश साल भर से की जा रही थी। मौका मिलते ही पुलिस ने सुरेश सिंह को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर सुरेश ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### अमृतानंदमयी की स्टूडेंट्स पहुंचे कोटनी

**दुर्ग।** अमृतानंदमयी की 25 स्टूडेंट जिसमें दक्षिण अफ्रीका जिंबॉब्वे के स्टूडेंट की टीम दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोटनी एवं मोहलाई पिपरछेड़ी सरपंच तथा गांव के महिलाओं स्व-सहायता समूहों से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। बिरेन्द्र कुमार निषाद ने बताया कि सभी स्टूडेंट 8 दिनों तक रिसर्च करेगी। टीम का उद्देश्य यहां का वातावरण रोजगार जल संकट एग्रीकल्चर जैसे विषयों पर रिसर्च करना तथा महिलाओं को विभिन्न कौशलों एवं लघु उद्योगों में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मां अमृतानंदमयी के अमृतपुरी केरल स्थित मुख्यालय से संचालित यह संस्था विश्वभर में मानवीय सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में कार्यरत है। यह संगठन कर्म योग आधारित कार्यशैली को अपनाता है और इसे तीन हजार से अधिक निवासियों एवं हजारों स्वयंसेवकों का सहयोग प्राप्त है।

### पेंशनधारियों को नियमित पेंशन देने की मांग

**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद प्रत्याशी सचिन गवई ने कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर निराश्रित पेंशनधारियों को नियमित पेंशन देने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा निराश्रित पेंशनधारियों को विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन उनके उत्थान के लिए दिया जाता है लेकिन पिछले छ माह से इन वर्ग के लोगों को इसका लाभ नहीं मिला पा रहा है। जिससे इन वर्ग के लोगों को अपना जीवन यापन करने में काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने मांग की है कि तत्काल इन वर्ग के लोगों को पेंशन राशि दिए जाए।

कार्यक्रम : सामाजिक नियमावली पर चर्चा व परिचर्चा कर अंतिम रूप दिया गया

# हल्बा-हल्बी समाज की गठित राष्ट्रीय महासभा में बालोद समेत पांच क्षेत्रीय महासभा हैं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद





हल्बा, हल्बी समाज के क्षेत्रीय महासभा महाराष्ट्र के गोरेगांव (गोंदिया) में 27 अप्रैल को अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज की राष्ट्रीय महासभा का गठन पांचों क्षेत्रीय महासभा यथा म.प्र. बालाघाट, महाराष्ट्र गोरेगांव, 18 गढ़ बड़ेडोंगर, 32 गढ़ बड़ेडोंगर, 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा बालोद व केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने मिलकर किया गया। जिसमे जिले के पदाधिकारियो के साथ सदस्य उपस्थित हुए।

■ सभी पदों पर निर्वाचन निर्विरोध किया गया

यह कार्यक्रम महाराष्ट्र गढ़चिरौली के सांसद एन.डी. कृषान के मुख्य आतिथ्य व कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय महासभा हल्बा वीरेन्द्र कुमार चनाप, हल्बी समाज के अध्यक्षता तथा क्षेत्रीय महासभा म.प्र. बालाघाट महेन्द्र कोठेवार, अध्यक्ष क्षेत्रीय महासभा 18 गढ़ बड़ेडोंगर लतेल नाईक के विशिष्ट आतिथ्य एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हल्बा, हल्बी समाज जीआर. राना, पूर्व अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी समाज के केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष पी.आर. नाईक, भारतीय प्रशासनिक सेवा पूर्व संभागीय आयुक्त रायपुर दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा जी.आर. चुरेन्द्र के गरिमयी उपस्थिति एवं सभी क्षेत्रीय महासभा क्षेत्र के पदाधिकारियों यथा जिलाध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों व सामाजिक सदस्यों की ऊर्जावान उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी महासभा के पदाधिकारियों ने मिलकर राष्ट्रीय महासभा की तैयार की गई सामाजिक नियमावली पर चर्चा व परिचर्चा करते हुए अतिंम रूप देकर नियमावली का अनुमोदन किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय महासभा संगठन की संगठनात्मक ढांचा के अनुरूप निर्वाचित होने वाले सभी पदों यथा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय अंकेक्षक प्रचार मंत्री के पदों पर निविरोध निर्वाचन एक प्रकार से मनोनयन प्रक्रिया के तहत चुनाव प्रक्रिया के तहत निर्वाचित किये गये। हल्या, हल्बी आदिवासी समाज की राष्ट्रीय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के तहत पदाधिकारियों का चुनाव शांति सद्भावना व भाईचारा तथा समरसता के माहौल में सम्पन्न हुआ।

इस चुनाव में पूर्व विधायक अंतागढ़–बस्तर संभाग क्षेत्रीय महासभा 32 गढ़ बड़ेडोंगर मंतूराम पवार को र्निविरोध रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर शिव पात्र 18 गढ़ बड़ेडोंगर निविरोध निर्वाचित हुए, राष्ट्रीय महासभा के पदेन उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चनाप 32 गढ़ बड़ेडोंगर, लतेल नाईक 18 गढ़ बडेडोंगर, डॉ एन.डी. कृषान, महासभा महाराष्ट्र गोरेगांव, महेन्द्र कोठेवार, महासभा म.प्र. बालाघाट नियमावली के अनुसार मनोनीत किये गये। 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा बालोद के पदाधिकारी राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह तारमएवं महासभा म.प्र. बालाघाट राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पून्ना लाल भंडारी निविरोध निर्वाचत हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार निर्वाचित होने के बाद अखिल भारतीय हत्या, हल्बी आदिवासी समाज में वर्तमान में जो अव्यवस्था बिखराव गुटबंदी की जो स्थिति है उस पर करारा चोट करते हुए स्पष्ट रूप से कहा गया की अब हमें हल्बा, हल्बी समाज को सद्भावना भाईचारा समरसता व परसपर सहयोग वाला समाज बनाना है। जो समाज में वर्तमान में अराजकता फैला हुआ है, उसे समाप्त करते हुए बेहतर समाज का निर्माण सभी सामाजिक सदस्यों का सहयोग लेते हुए करना है।

विशेषकर हमारा समाज सरकार के साथ मिलकर उनके योजना क्रियान्वयन समय पर हो उसके लिए काम करना है। समाज में महिलाओं, बच्चों व गरीब परिवारों को लक्षित करें हुए कार्य करना है। सभी सामाजिक सदस्यों की सहभागिता के लिए विशेष निवेदन किया गया।

# सुशासन आवेदनों का समय सीमा पर करें निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख सुशासन तिहार के अंतर्गत अपने–अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त निराकरण कराना सुनिश्चित करें। मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रें की समीक्षा करते हुए सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री, मंत्री गणों एवं अन्य गणमान्य जनों के प्रवास के लिए चयनित स्थानों पर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविरों के आयोजन के तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार के सफल आयोजन हेतु समस्त राजस्व अनुविभागों के नोडल अधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व होंगे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रें के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को एवं शहरी क्षेत्रें के लिए संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदन पत्रें का गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों से अपने–अपने विभागों एवं कार्यालयों में प्राप्त सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मिश्रा ने समाधान शिविरों के आयोजनों का गंभीरता से प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने तथा आयोजन की जानकारी संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूली सेटअप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बालोद

युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल के सेटअप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नही, शालेय शिक्षक संघ ने उठाये सवाल शिक्षकविहीन स्कूलों में शिक्षक की उपलब्धता का विरोध नही, किंतु प्राथमिक शाला के 5 कक्षा में केवल 2 शिक्षक रहने से बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा का बुरा हाल होगा, पालकों व शिक्षकों में आक्रोश पनपने लगा। छ्ग शालेय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा विभागीय हठधर्मिता का है हाल ये है कि धरातल का ज्ञान नही है और न ही शिक्षक संगठनों के सुझावों को कोई स्थान दिया गया है। विषय बंधन से मुक्त कर मिडिल स्कूलों में भतऍ किया पर अब विषय के आधार पर शिक्षकों की छटाई करेंगे। व्याख्याताओं के मामले में भी कई अव्यवहारिक नियम युक्तियुक्तकरण के जारी नियमों पर बवाल होगा।



■ शिक्षकविहीन और कम शिक्षक वाले स्कूल की चिंता छोड़कर व्यर्थ काम में शिक्षा प्रशासन

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को लेकर दिशा निर्देश व समय सारणी का आदेश समस्त कलेक्टरों के लिए जारी किया है। जिसको लेकर प्रदेश में फिर से बवाल मचने की संभावना है। स्कूल व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण हेतु जिन मापदंडों को तय किया गया है वह वही 02 अगस्त 2024 का पुराना आदेश है जिसका मुखर विरोध पालकगण, ग्रामीणजन व शिक्षक संगठनों ने किया था। शालेय शिक्षक संघ ने युक्तियुक्तकरण के इन आदेशों व मापदंडों का तथ्यात्मक रूप से विरोध किया था और बहुत सारे सुझाव भी दिए थे। हालांकि तब यह प्रक्रिया सत्र के मध्य होने से अफरा तफरी मच जाने की आशंका से स्थगित कर दी गई थी, परन्तु यह जिन्न एक बार पुनः बाहर आ गया है। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों के सेटअप से छेड़छाड़ किया जा रहा है। शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना अवश्य करना चाहिए पर स्कूलों के सेटअप से छेड़छाड़ कर प्राथमिक की 5 कक्षा के लिए प्रधानपाठक और एक शिक्षक से कैसे शिक्षा में गुणवत्ता आ सकती है ? और पांच अलग अलग कक्षा को जब केवल 2 शिक्षक संभालेंगे तो नौनिहालों व बच्चों की सुरक्षा व निगरानी अहम विषय होगी। युक्तियुक्तकरण हेतु जो मापदंड अपनाने हेतु आदेश जारी हुआ है वह अव्यवहारिक है, बच्चों की उचित शिक्षा व शिक्षकों पर कुठाराघात है। शालेय शिक्षक संघ समेत अन्य शिक्षक संगठनों व पालक संगठनों से पूर्व में जो सुझाव युक्तियुक्तकरण हेतु दिया गया था, उसे लगता है विभागीय हठधर्मिता की वजह उन सुझावों पर कोई कार्यवाही नही की गई है क्योंकि जारी दिशा निर्देश वही पुराना आदेश है जिस पर पहले बवाल मच चुका है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे एवं प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने कहा कि लगता है शासकीय विद्यालय अब केवल टेबल में बैठकर नियम व दिशा निर्देश बनाने वालों के लिए एक प्रयोगशाला मात्र रह गया है। नवाचार के नाम पर नित नई योजनाएं, नित नए अव्यवहारिक दिशा निर्देशो ने शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई और उचित व्यवस्थापन को बाधित कर रखा है। विभागीय सेटअप से इतर युक्तियुक्तकरण करना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करना है।

# रेंगाडबरी विद्यालय के परीक्षाफल घोषित



**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम भीमाटोला संकुल केंद्र रेंगाडबरी के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय की स्थानीय कक्षा पहली से चौथी व छठवीं, सातवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया।

कक्षा पहली में चमन कुमार प्रथम, नमन कुमार द्वितीय,दूसरी में ऐश्वर्या प्रथम,नियति द्वितीय, तीसरी में पूरब भास्कर प्रथम,युषांश कुमार द्वितीय व चौथी में कुसुम प्रथम, डिम्पल द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा छठवीं में वासु निषाद प्रथम,कविलास द्वितीय धारणा तृतीय व सातवीं में आलिया खान प्रथम, युवराज द्वितीय व जमीर हुसैन तृतीय स्थान पर रहे। इन सभी होनहार बच्चों को प्राथमिक शाला की ओर से कापी पेन व माध्यमिक विद्यालय की ओर से मेडल पहनाकर व पेन भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूनमचंद चुरेंद्र,मोखन सलामें सदस्य गण जगदीश नायक, रैमून बाई, जानकी बाई व इमेश्वरी बाई के साथ ही प्रधान पाठक विशेसर आर्य देवराज ठाकुर शिक्षक हिमांशु ठाकुर रुस्तमदास साहू व पीलू राम साहू ने मंगलमय जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जामगांव आर स्कूल के सेवानिवृत कर्मचारियों को दी ससम्मान विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जामगांव आर



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में विद्यालय के सेवानिवृत कर्मचारी सुदर्शन चंदेल एवं डोमन लाल साहू तथा पूर्व प्राचार्य राजेश पिल्लई का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पिल्लई कतिपय कारण वश नहीं आ पाए। इस कारण समारोह में दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को धर्मपत्नि व परिवार सदस्य की उपस्थित में विदाई दी गई। सुदर्शन चंदेल इस विद्यालय में दिनांक 07 अक्टूबर 2008 से 30 सितंबर 2024 तक कार्यरत रहे तथा डोमन लाल साहू 12 फरवरी 1994 से 31 मार्च 2025 तक अपनी सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत हुए।

इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों ने इस विद्यालय में बिताए अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि इस विद्यालय में उन्हें परिवार जैसा माहौल मिला तथा सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भरपूर स्नेह और सम्मान मिला स प्राचार्य चेतना ठाकुर ने दोनों कर्मचारियों के उज्जवल और सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनके विद्यालय के प्रति योगदान को सराहा तथा कहा कि उनका योगदान विद्यालय के लिए अविस्मरणीय रहेगा।

इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता ओपी वर्मा, एसआर ठाकुर, अनामिका साहू, ललिता देवांगन, दीपिका मारकंडे, सुशीला निर्मल, अमन कुमार पाटकर, सुश्री रोशनी गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा उनके साथ बिताए पलों को याद किये। इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाल तथा श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी व्याख्याता, शिक्षक तथा विद्यालय की सेवानिवृत कर्मचारी सुधा सिन्हा उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन डीके. साहू, व्याख्याता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विनीता सुधीर व्याख्याता एवं टी. सिन्हा व्याख्याता के द्वारा किया गया।

### पेड़ पौधों की पहचान व जानकारी अब कोड से

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के इको क्लब प्रभारी शिक्षक खेमन्त कुमार साहू ने बताया राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार शाला प्रांगण में स्थित पेड़ पौधों का पहचान और उससे संबंधित जानकारी अब क्यू आर कोड स्कैन करके प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए प्रत्येक पेड़ों के लिए क्यू आर कोड जनरेट कर लैमिनेट कर रस्सी से पेड़ों पर टैग किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों और समुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना, पेड़ों के बारे में जागरूक करना, डिजिटल तकनीक से परिचित कराना, सामुदायिक सहभागिता और रचनात्मकता को बढ़ाना तथा पेड़ों की पहचान करना और उसकी विशेषताएं आसानी से प्राप्त की जा सकती है क्योंकि आजकल प्रायः सबके हाथों में एंड्रॉयड मोबाइल होता है। इस कार्य में बच्चों के साथ साथ शाला के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे, सुदामा गेंड्रे, शिक्षक लक्ष्मीकांत नेताम,केशव सिहारे, हेमेंद्र साहू का सहयोग रहा।

# चिल्हाटीकला शाला के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। डौंडीलोहारा



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। स्वागत भाषण के साथ शिक्षक नीलकंठ धनकर द्वारा विद्यालय के सत्र 2024-25, के शाला के गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

■ ग्रामीण झमितकुंवर ने पुत्र रत्न की प्राप्ति पर न्योता भोज कराया

प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से चौथी तक कुल दर्ज 73, तथा कक्षा छठवीं में 23,व कक्षा सातवीं में 26 बच्चे स्थानीय परीक्षा में सम्मिलित हुए। सभी बच्चों को बधाई प्रेषित करते हुए और कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने की बात कही गई। ततपश्चात मंचासीन अतिथियों के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन प्रदान करने के लिए मुख्य अतिथि हुमेश्वरी भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला, विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार साहू, उप सरपंच ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला, लीलाधर भूआर्य अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मिडिल स्कूल चिल्हाटीकला, व समिति के सदस्यों व पंच गण तथा प्राथमिक शाला चिल्हाटीकला के प्रधान पाठक श्री राजेश यादव तथा मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र उपस्थित थे। प्राथमिक शाला के स्थानीय परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान करते हुए परीक्षा प्रभारी रेखा देशमुख ने बताया कि कक्षा पहली में प्रथम पायल व डुमिका तथा द्वितीय नव्या व दूसरी में प्रथम तेजल व द्वितीय पूर्वान्शी कक्षा तीसरी में प्रथम मेघा व द्वितीय छामिया कक्षा चौथी में प्रथम तोमिका व द्वितीय प्रियंका ने प्राप्त किया । तथा मिडिल स्कूल के स्थानीय परीक्षा परिणाम की जानकारी प्रदान करते हुए परीक्षा प्रभारी जानकी देशमुख ने बताया कि कक्षा छठवीं में छाया पटेल प्रथम व किशन भुआर्य द्वितीय तथा कक्षा सातवीं में मेघा साहू प्रथम व दुर्गेश कुमार कोसमा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 100प्रतिशत शाला दिवस में उपस्थिति रेशमा कक्षा छठवीं व मिडिल स्कूल चिल्हाटीकला में सभी गतिविधियों में बेस्ट स्टूडेंट का पुरस्कार हिमेश कुमार कक्षा आठवीं को दिया गया। सरपंच महोदया व उप सरपंच द्वारा सभी प्रतिभावान बच्चों को नगद पुरस्कार व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रूपेश कुमार साहू ने कहा कि आज बालिकाएं सभी क्षेत्रों में आगे है और हम सभी को कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ना है। मुख्य अतिथि हुमेश्वरी भुआर्य ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे गुरु जनों का सम्मान करते हुए उनके बातों का अनुसरण करें व आगे बढ़े। प्रधान पाठक श्री रमन लाल धनेन्द्र व राजेश यादव ने कहा कि सभी बच्चे अनुशासन में रहकर पढ़ाई करे और माता पिता व स्कूल का नाम रोशन करें।हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।इस कार्यक्रम में SMC सदस्य रोहित कुमार साहू, मनहरण लाल पटेल वसहायक शिक्षिका श्रीमती हितेश्वरी साहू व सफाई कर्मचारी भुषण साहू, व कन्हैया लाल कोसमा , संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू जी उपस्थित थे।इस अवसर पर न्यौता भोज में ग्रामीण झमितकुवंर के द्वारा उनके परिवार में पुत्र रत्न की प्राप्ति की खुशी में हलवा, पुड़ी व भुजिया सभी बच्चों को खिलाया गया।

# 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों को फोटोग्राफी का प्रशिक्षण मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंडा



हायर सेकेंडरी स्कूल अण्डा में सत्र 2024-25 में व्यवसायिक पाठ्यक्रम मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट के कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चो ने इंटर्नशिप किया। विद्यार्थियों ने अण्डा के राज स्टूडियो मे प्रशिक्षण लिया यह प्रशिक्षण प्राचार्य सीमा जांबुलकर के मार्ग दर्शन मे तथा व्यवसायिक प्रशिक्षक दामिनी साहू के निर्देशन में संपन्न कराया गया। राज स्टुडियो के संचालक निलाम्बर राज द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया यह प्रशिक्षण भविष्य में बच्चो के रोजगार के लिए सहायक होगा। इंटर्नशीप में छात्रों ने फोटोग्राफी ,विडियो एडिटिंग विडियो मेकिंग फोटो प्रिंटिंग, शादी कार्ड , फोटोशाप साफ्टवेयर यूज कर फोटो एडिटिंग करना पासपोर्ट साईज फोटो बनाना मे सेट करना कार्ड विडियो शूटिंग आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया ।प्रशिक्षण पश्चात प्राचार्य सीमा जांबुलकर द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया बच्चो ने बडे उत्साह से भाग लिया और किस प्रकार कार्य होता है इसका व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया इस प्रशिक्षण के विषय मे बच्चो का यह मत था कि भविष्य के लिये यह उपयोगी होगा । प्रार्चाय द्वारा कहा गया कि यह प्रशिक्षण भविष्य मे बच्चो के जीवन यापन मे सहायक साबित होगा।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जुआ खेलते पूर्व पार्षद समेत 7 गिरफ्तार

**भिलाई।** जुआ खेलते पुलिस ने नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 केतहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि हनुमान मंदिर दादर रोड के पास जुआ खेलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची सीएसपी छावनी हरिश पाटिल के नेतृत्व में दबिश दिया। जहां जुआरी पूर्व पार्षद रेल्वे कालोनी जोन 1, 592/एफ, चरोदा निवासी जी रामा रेड्डी 55 वर्ष,बीएमवाय चरोदा रेल्वे कालोनी जोन 02 मो. युनुस कुरैशी 57 वर्ष, चरोदा बस्ती नेहरू चौक निगरानीशुदा बदमाश फरीद अहमद 39 वर्ष, जोन 1 सांई मंदिर के पास चरोदा अनिल वैद्य 40 वर्ष, चरोदा बस्ती सरस्वती चौक भिलाई तीन भूपेन्द्र वर्मा 33 वर्ष, हाउसिंग बोर्ड कालोनी चरोदा जी व्ही प्रसाद राव 46 वर्ष, राजीव नगर चरोदा जोन 2 प्रफुल्ल प्रधान उर्फ जापानी 68 वर्ष,जी केबिन चरोदा शंकर कुमार 40 वर्ष, कुम्हारी चौक बंशी 51 वर्ष को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 1 लाख 34 हजार 753 रुपए और ताश पत्ती जब्त किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 1 स्कूटी, 3 बाइक, 8 मोबाइल जब्त किया है।

### धमकी देने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** धरदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कृष्णा नगर सुपेला के सार्वजनिक स्थान पर स्टील का धारदार चाकू से लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली थी। सुपेला पुलिस पहुचकर कृष्णा नगर सुपेला निवासी राज निर्मलकर नामक युवक को पकड़ा गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर केन्द्रीय जेल में निरूद्ध किया।

### शादी का प्रलोभन देकर अनाचार, गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 69, 296, 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि सिकोला बस्ती वार्ड 15 मोहन नगर निवासी गोविंद यादव को सूचना मिलने पर गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने थाना मोहन नगर के अन्य मामलों में तीन वाण्टियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## निधन

### भादूराम सोनवानी



**बालोद।** ग्राम जमरूवा निवासी भादू राम सोनवानी का निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे सगुना बाई के पति, रूपेश सोनवानी, तोरण सोनवानी, नीरज सोनवानी, पत्रीका, दीपा के पिता थे।

---

**बैठक : सुशासन तिहार में विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयावधि पर करें : कलेक्टर**

# खाद्य वितरण प्रणाली व सहकारी संस्थाओं को बेहतर बनाएं और विपणन की गतिविधियों को गति प्रदान करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में सहकारिता, खाद्य सहित अन्य संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कलेक्टर मिश्रा ने जिले में सार्वजनिक खाद्य वितरण प्रणाली, सहकारी संस्थाओं के कार्यों को बेहतर बनाने और विपणन कार्यालय की गतिविधियों को गति प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को जनहित में योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं और कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा—निर्देश भी दिए।

कलेक्टर मिश्रा ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सुशासन तिहार 2025 में विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा, उप आयुक्त सहकारिता राजेन्द्र राठिया, जिला विपणन अधिकारी सौरभ भारद्वाज, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी राम ठाकुर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी चिंताराम रावटे, कारखाना प्रबंध संचालक बंसत कुमार सहित सहकारिता, खाद्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सरकार की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे**



कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में सहकाारिता विभाग अंतर्गत उप पंजीयक सहकारी संस्था, जिला विपणन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं दंतेश्वरी मईया सहकारी शक्कर कारखाना के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उप आयुक्त सहकारिता राजेन्द्र राठिया ने बैठक में सहकारी समितियों के पंजीयन, जिले में समितियों के वगएँकरण, पंजीकृत समितियों, की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 568 पंजीकृत सहकारी समितियां है। इस दौरान उन्होंने सहकारी समितिय के निर्वाचन की प्रक्रिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कार्य, शून्य प्रतिशत ब्याज दर अल्पकालिन कृषि ऋण वितरण, खरीफ सीजन में प्रदान किए जाने वाले ऋण वितरण के लक्ष्य, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्रों की जानकारी दी।

उन्होंने 'सहकार से समृद्धि' के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र का विस्तार करने, सीएससी सेंटर के संचालन, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र एवं प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र तथा माइक्रों एटीएम के संचालन की जानकारी दी। उन्होंने एफपीओ के गठन, किसान उत्पादक संगठन, जिला सहकारी विकास समिति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के कार्यों के संबंध जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने जिले के ग्राम करकाभाट में संचालित दंतेश्वरी मईया शक्कर कारखानों के कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान कारखाना प्रबंध संचालक बसंत कुमार ने कारखाना में कार्यरत कर्मचारियों, उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी देते हुए जिले में गन्ना उत्पादक किसान, गन्ना पेराई सत्र 2024—25 में की गई गन्ना खरीदी, शक्कर उत्पादन, शक्कर की औसत रिकवरी, गन्ना उत्पादन में किए जा रहे उपायों की जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने जिले में गन्ना क्षेत्र विस्तार को और अधिक बढ़ाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर मिश्रा ने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए संचालित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की संख्या, जिले में राशन कार्डधारियों की संख्या तथा खाद्य वितरण के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी तुलसी राम ठाकुर ने बताया कि जिले में कुल 478 उचित मूल्य की दुकाने संचालित की जा रही है। जिसमें प्रतिमाह प्रचलित राशन कार्डधरियों को राशन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन वितरण हेतु प्राप्त लक्ष्य एवं वितरण की भी जानकारी दी। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सभी विभागों से कहा कि वे बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। जिससे शासन की योजनाओं का लाभ आम जनों को समय पर मिल सके।

---

## जनदर्शन कक्ष में लोगों से कलेक्टर ने मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनदर्शन कक्ष में पहुँचकर अपने मांगों एवं समस्याओं को लेकर संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आने वाले लोगों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनके आने का कारण पूछा। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन कक्ष में उपस्थित बालोद विकासखण्ड के ग्राम तरौद की बुजुर्ग महिला सोमती बाई के पास पहुँचकर उनका हालचाल पूछा। बुजुर्ग सोमती बाई ने कहा कि उनके पास रहने के लिए ठीक से घर नही होने के कारण वे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अपने लिए आवास निर्माण की स्वीकृति हेतु जनदर्शन में आवेदन करने पहुँची है।



इसी तरह कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे ग्राम टेकापार निवासी भोजराम एवं डुड़िया निवासी सुरेश कुमार सिन्हा के पास पहुँचकर उन्हें जनदर्शन में आने का कारण पूछा। भोजराम ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने हेतु तथा सुरेश कुमार सिन्हा ने अपने गांव के गली से अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जनदर्शन में उपस्थित होने की जानकारी दी। कलेक्टर मिश्रा ने सभी आवेदकों से आवेदन लेकर उनके मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारी—कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी—कर्मचारियों को कार्यालय में अधिकारी—कर्मचारियों की टेबल, कुसएँ के अलावा दस्तावेज आदि को व्यवस्थित कर कार्यालय के गरिमा के अनुरूप बेहतर एवं सुव्यस्थित स्वरूप में रख—रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी—कर्मचारियों को अपने—अपने कार्यालयों में साफ—सफाई की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर मिश्रा ने अपने—अपने कार्यालयों के अलावा कार्यालय के सामने स्थित बरामदे का भी नियमित रूप से साफ—सफाई कराने के निर्देश दिए।



इस मौके पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के प्रथम तल में स्थित आदिवासी विकास विभाग, खनिज, भू—अभिलेख, रिकार्ड रूम, खाद्य विभाग, जनसंपर्क विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी, अंत्यावसायी, जिला हथकरघा, जिला कोषालय, आबकारी, स्वान कक्ष, महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, क्रेडा एवं श्रम विभाग आदि का अवलोकन किया। मिश्रा ने भू—अभिलेख कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रखे गए पुराने दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय के पुराने दस्तावेजों का अपलेखन कराने के निर्देश जिला नाजिर को दिए। मिश्रा ने रिकार्ड रूम के निरीक्षण के दौरान पुराने एवं जीर्णशीर्ण दस्तावेजों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अत्यंत पुराने एवं जीर्णशीर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

आबकारी विभाग के निरीक्षण के दौरान अधिकारी—कर्मचारियों से कुल स्टाफ के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी—कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारी—कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुँचकर निर्धारित समयावधि तक कार्यालय में उपस्थित रहकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

## सुशासन तिहार में यशवंत शुक्ला के पेंशन प्रकरण का तुरंत निराकरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार के प्रभावी क्रियान्वयन से बालोद जिले के ग्राम टेकापार निवासी यशवंत प्रसाद शुक्ला की समस्या का त्वरित समाधान हुआ है। सुशासन तिहार 2025 के दौरान वृद्ध यशवंत प्रसाद शुक्ला ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन किया था। उनकी इस मांग पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पेंशन स्वीकृत कर दी है, जिससे उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। शुक्ला अपने गांव टेकापार में लम्बे समय से पूजा—पाठ का कार्य करते हैं।



वे अपनी पत्नी और बेटा—बहू के साथ निवास करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में शासन की योजनाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि उन्हें पहले ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिल चुका है, जो उनके परिवार के लिए एक सुरक्षित आशियाना बना है। इसके अलावा उनकी पत्नी और बहु को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है, जिससे परिवार की दैनिक जरूरतें पूरी करने में मदद मिल रही है। वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति ने वृद्ध शुक्ला के जीवन में एक नया अध्याय जोड़ा है। इससे उन्हें अब प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, जिससे अब उनकी वृद्धावस्था और अधिक सुगम व सम्मानजनक होगी। पेंशन के त्वरित स्वीकृति पर शुक्ला ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा आवेदन इतनी जल्दी स्वीकार होगा। यह सुशासन का असली त्यौहार है, जिसने मेरे जैसे आम व्यक्ति के जीवन को खुशियों से भर दिया है। यशवंत प्रसाद शुक्ला की यह कहानी न केवल उनके आवेदन के निराकरण को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे शासकीय योजनाएं और प्रशासन की तत्परता मिलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचा सकती हैं।

## तेज हवा चली, बूंदा-बांदी हुई पेड़ गिरे, बिजली के तार टूटे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे कुछ दिनो से मौसम लगातार बदल रहा है जिसका सीधा असर आम जन जीवन पर पड़ने लगा है, कभी धूप तो कभी तेज हवाओ व बारिश के साथ ओला गिरने से फसल प्रभावित हो रही है वही लोगो के स्वास्थ पर असर पड़ने लगा है, सोमवार को शाम व मंगलवार को सुबह जिले मे अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओ के साथ हल्की बूंदा बांदी देखने को मिली।

जिसके बाद मंगलवार को दोपहर होते होते तेज धूप नजर आई। जिले मे सोमवार की रात व मंगलवार की सुबह आए तेज तुफान के साथ हल्दी बूंदा बांदी मे पेड़ गिरे एवं बिजली खंभो के साथ बिजली वायर टूटने के साथ अन्य कई तरह की क्षतियो के मामले भी सामने आई। ऐसा ही एक मामला ग्राम खुर्सीपार व घुमका मार्ग पर देखने को मिला जहां किसानो द्वारा सड़क के किनारे रखे पैरा तेज आंधी तुफान मे उड़कर बीच रास्ते मे आ गया जिससे आवागमन बाधित नजर आई, वही जिस स्थान पर यह पैरा सड़क पर आया उसके सामने ही बिजली ट्रांसफार्मर बोर्ड खुले हालात मे स्थित था जिसमे पैरा भी हवा के बहाव मे बोर्ड मे जा घुसे थे, ऐसे मे बिजली बोर्ड खुले हालात मे होने से दुर्घटनाओ की आशंका बनी रहती है।

मार्ग से आने जाने वाले राहगिर पैरा के सड़क पर फैले व खुले बोर्ड देखकर मार्ग मे जाने के जगह मार्ग से वापस होकर दूसरे मार्ग से आवागमन करते दिख रहे थे। वही इसी के तहत ग्राम तरौद मे भी मंगलवार को सुबह हुई तेज अंधड़ के साथ बारिश के बीच ग्राम के मुख्य सड़क पर पेड़ गिर गए और पोल उखड़ गए, वही बिजली वायर भी टूटकर गिर गया, जहां बिजली गुल होने के कारण किसी प्रकार की घटना दुर्घटना नही घटी। जिसके बाद वायर को हटाकर आवागमन बहाल की गई।

## पीडीएस के लिए आवेदन

**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम लासाटोला में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु 08 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डदेही ने बताया कि इच्छुक ग्राम पंचायत, महिला स्वसहायता समूह, प्राथमिक कृषि शाख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समितियां एवं राज्य शासन द्वारा विर्निदिष्ट उपक्रम 08 मई 2025 को शाम 05.30 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही में आवश्यक दस्तावेज सहित निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।




## दिव्यांग विद्यार्थी राहुल को व्हीलचेयर मिला

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक शाला जगतरा के कक्षा पहली के दिव्यांग विद्याथएँ राहुल को व्हीलचेयर प्रदान कर अपनी शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि 25 अपै्रल को जिला के बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक शाला जगतरा में आयोजित 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने कक्षा पहली में प्रवेश लेने पहुँचे दिव्यांग विद्याथएँ राहुल से मुलाकात कर उनके परिजनों से उनका हाल—चाल पूछा था। परिजनों द्वारा दिव्यांग बालक राहुल के चलने—फिरने एवं अन्य दैनिक क्रियाकलापों को पूरा कर पाने में असमर्थ होने की जानकारी दी गई थी। इसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी एवं समग्र शिक्षा के परियोजना अधिकारी को दिव्यांग बालक राहुल का तत्काल समुचित इलाज कराने तथा उन्हें शीघ्र व्हीलचेयर प्रदान करने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए थे। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अधिकारियों के द्वारा दिव्यांग बालक राहुल को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के हाथों व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सहायक कार्यक्रम समन्वयक राधेश्याम साहू सहित अन्य अधिकारी—कर्मचारी उपस्थित थे।












